# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

विज्ञापन क्रमांक / एनएचएम / सं.नि. / 2021 / 2850 महासमुन्द, दिनॉक : 02 / 07 / 2021

## "संविदा भर्ती विज्ञापन"

कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ का पत्र कमांक / NHM/HR/2020/NS-1596/1635 नवा रायपुर अटल नगर दिनॉक 30.12.2020 एवं पत्र क्रमांक / NHM / HR / 2021 / NS-272 / 475 नवा रायपुर अटल नगर दिनॉक 05.06.2021 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला महासमुन्द छ.ग. में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देश के परिपालन में निम्नानुसार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति किया जाना है:–

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | योग | योग्यता | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | | |
| | | | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | Essential Qualification | |
| 1 | MO -Ayush (RBSK) | 25000 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | BHMS/BAMS/BUMS Degree<br>Registration from any GOI Reconised (BHMS/BAMS/BUMS) Ayush,Homeo., Unani Registration Board.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10 / 15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | योग | योग्यता | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | | |
| | | | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | Essential Qualification | |
| 2 | Dental Surgeon | 27500 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | MDS with registration in Chhattisgarh medical counsil is compulsory.<br>OR<br>BDS with registration in Chhattisgarh Medical Counsil is compulsory.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10 / 15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 3 | Pharmacists (RBSK) | 16500 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration council.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10 / 15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 4 | ANM | 12000 | 21 | 0 | 11 (दिव्यांग –2) | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 6 | 21 | 12th passed, ANM Passed & INC affilited training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration Council. | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 80 अंक<br>2. अनुभव –10 / 15 / 20 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, प्रशिक्षित मितानिनों को अधिकतम 20 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा। ) |

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | योग | योग्यता | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | Essential Qualification | |
| | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | | |
| 5 | Block Manager - Account | 21000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | B.Com (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA), Knowlegded Tally. | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 6 | TBHV (RNTCP) | 14000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | Graduate With Certificate course in computer Operation (Minimum 2 months)<br>OR<br>Intermediate (10+2) and experience of working as MPW/LHV/ANM/Health Worker/Certificate or higher course in Health Education/Counselling. With Certificate course in computer Operation (Minimum 2 months)<br>OR<br>Tuberculosis health visitors recognized course. With Certificate course in computer Operation (Minimum 2 months)<br>Desireable Qualification- Training Course for MPW or Recognized sanitary Inspectors course.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 7 | Physiotherapist (NUHM) | 18000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | Bachelor's Degree in Physioterapy(B.P.T) And Live Registration in Chhattisgarh Physiotherapy & Occupationaltherapy Council. | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 8 | Nursing Officer | 16500 | 31 | 10 (दिव्यांग–1) | 4 | 3 (दिव्यांग–1) | 1 | 3 | 2 | 6 | 2 | 31 | BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live registration in C.G Nurses Registration Council<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 80 अंक<br>2. अनुभव –10/15/20 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, प्रशिक्षित मितानिनों को अधिकतम 20 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा। ) |

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | योग | योग्यता | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | | |
| | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | **Essential Qualification** | |
| 9 | Social Worker (NTCP) | 22000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | Post Graduate Degree in Sociology/Social Work (2 Years regular course)<br>or<br>Graduate in Sociology/Social work (regular Course) with two years of field experience.<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 10 | Block Supervisor (VBD) | 21000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | B.Sc. Biology | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 11 | Laboratory Technician (NVBDCP) | 14000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | Science Graduate in Biology/ Bio-Chemestry/Micro Biology<br>Or<br>Graduate with Science subject in class XI and XII will be considered<br><br>Desirable Qualification-<br>One year practical experience in medical/biological laboratories will be given preferences .<br>**(Common Merit list will be Prepared)** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 12 | House Keeping | 10000 | 8 | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 8 | 8th Passed | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 13 | Tech Assistant-Hearing impaired Children | 15000 | 1 (बैकलॉग) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | Diploma in Training young deaf and hearing handicapped(DTYDHH) from RCI recognised institute | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |

Chief Medical & Health Officer,
MAHASAMUND (C.G.)

| क्र. | पद नाम | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतनमान | कुल रिक्त | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | योग | योग्यता | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. | | अ.पि.व. | | अ.जा | | अ.ज.जा. | | | Essential Qualification | |
| | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | | | |
| 14 | Security Guard | 10000 | 4 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 | 1. दसवीं उत्तीर्ण<br>2. अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, इस हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट आवदेन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।<br>3. आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा.वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 5 वर्ष की छूट होगी।<br>4. आरक्षण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।<br>5. अभ्यर्थी की न्यूनतम उंचाई 160 सेमी होना अनिवार्य होगा।<br>6 किसी भी शासकीय/अर्ध्द शासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरीटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 1 वर्ष का अनुभव अनिवार्य होगा।<br>शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जाना है तथा निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जाना है किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जाना है।<br>7. अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम/शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |

संविदा पदो के लिए वांछित योग्यताधारी अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ, दिनांक 15/07/2021 तक **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय परिसर खरोरा, महासमुन्द,** जिला–महासमुन्द, पिन **493445 (छ.ग)** के पते पर **कार्यालयीन समय** में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क :–

| वर्ग | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– तक | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– से अधिक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अजजा/महिला | 100 | 200 | आवेदन शुल्क "जिला स्वास्थ्य समिति महासमुन्द" के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 | 300 | |
| अनारक्षित | 300 | 400 | |

नोट :– भर्ती के संबध में सामान्य शर्ते दिशानिर्देश, एवं आवेदन फार्म का प्रारूप आदि की विस्तृत जानकारी महासमुन्द जिले की वेब साईट **www.mahasamund.gov.in** में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुन्द के कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

Chief Medical & Health Officer,
MAHASAMUND (C.G.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जिला– महासमुन्द (छ0ग0)

विज्ञापन क्रमांक/एनएचएम/सं.नि./2021/ 2850 महासमुन्द, दिनॉकः 02/07/2021

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती
## जिला स्तरीय चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में नियम–शर्तें

1. **आवेदन पत्र/विज्ञापन के संबंध में :–**

1.1 आवेदक, वेबसाइट www.mahasamund.gov.in में विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत करें।

**1.2 आवेदन पत्र स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक दिनॉक 15/07/2021 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय परिसर खरोरा, महासमुन्द, जिला महासमुन्द छ.ग के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रेषित/जमा कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

1.3 निर्धारित तिथि व कार्यालयीन समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1.4 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अतंर्गत स्वीकृत पद जिनका मासिक वेतन रू. 16500/– प्रतिमाह या रू. 16500/– से कम हो उन पदों पर महासमुन्द जिले के पात्र मूल निवासियों को प्राथमिकता दिया जावेगा। महासमुन्द जिले में पात्र मूल निवासी नहीं मिलने की स्थिति में राज्य के अन्य जिलों के पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता दिया जावेगा।

1.5 अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा संबंधित जिले का मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

1.6 अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रूटीपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रूटी अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

1.7 निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से होना अनिवार्य है।

1.8 आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र में जारीकर्ता कार्यालय का जावक क्रमांक व तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

1.9 विज्ञापित रिक्त पद हेतु प्रस्तुत आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, संवर्ग स्पष्ट लिखा होना चाहिए। लिफाफे के ऊपर पद का नाम उल्लेखित नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन को मान्य/अमान्य करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

1.10 आवेदन के साथ अनिवार्य/वांछित शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की पूर्ण अंकसूची की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

1.11 एक से अधिक पदों के लिये आवेदन देने की स्थिति में प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक से आवेदन व शुल्क प्रस्तुत करना होगा।

2. **आवेदन शुल्कः–**

| वर्ग | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– तक | ऐसे विज्ञापित पद, जिनका संविदा वेतन प्रतिमाह रूपये 25000/– से अधिक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अजजा/महिला | 100 | 200 | आवेदन शुल्क "जिला स्वास्थ्य समिति महासमुन्द" के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 | 300 | |
| अनारक्षित | 300 | 400 | |

**2.1** आवेदन शुल्क **"जिला स्वास्थ्य समिति महासमुन्द"** के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। अन्य किसी नाम से बनाये गये बैंक ड्राफ्ट मान्य नहीं किये जायेगें तथा ऐसे अभ्यर्थी को चयन हेतु अपात्र किया जायेगा।

**2.2** बिना आवेदन शुल्क तथा निर्धारित राशि से कम राशि के आवेदन शुल्क वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।

Chief Medical & Health Officer
MAHASAMUND (C.G.)

**2.3** आवेदन शुल्क के रूप में बैंक से प्राप्त बैंक पर्ची, डिमांड ड्राफ्ट की फोटोकॉपी मान्य नहीं होगा।

3. **आरक्षण:–**

3.1. संविदा नियुक्ति के लिये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम का पालन किया जावेगा। छ0ग0 लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण ) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश जो समय समय पर लागू होगें। तथा

3.2. संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगे।

3.3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस विषय पर छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

4. **आयु सीमा :–**

4.1 संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2021 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

4.2 **सिक्योरीटी गार्ड पद हेतु** आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा.वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 5 वर्ष की छूट होगी।

5. **चयन प्रक्रिया :–**

5.1. चयन प्रकिया हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित है:–

| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त | चयन प्रकिया हेतु अंक निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1 | MO -Ayush (RBSK) | **2** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 85 अंक<br>2. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |
| 2 | Dental Surgeon | **1** | |
| 3 | Pharmacists (RBSK) | **1** | |
| 4 | TBHV (RNTCP) | **1** | |
| 5 | Physiotherapist (NUHM) | **1** | |
| 6 | Social Worker (NTCP) | **1** | |
| 7 | Block Supervisor (VBD) | **1** | |
| 8 | Laboratory Technician (NVBDCP) | **1** | |
| 9 | House Keeping | **8** | |
| 10 | Tech Assistant- Hearing impaired Children | 1 (बैकलॉग) | |
| 11 | Security Guard | **4** | |
| 12 | Nursing Officer | **31** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 80 अंक<br>2. अनुभव –10/15/20 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक, प्रशिक्षित मितानिनों को अधिकतम 20 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा। ) |
| 13 | ANM | **21** | |
| 14 | Block Manager - Account | **1** | 1. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का प्रतिशत – 65 अंक<br>2. कौशल परीक्षा – 20 अंक<br>3. अनुभव –10/15 अंक<br>(एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों को अनुभव हेतु अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक प्रदान किया जायेगा।) |

5.2. वर्तमान में कोविड–19 के कारण निर्मित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए Block Manager – Account हेतु कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को बुलाया जावेगा तथा अन्य सभी पदों पर शैक्षणिक योग्यता व अनुभव अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट/चयन/प्रतिक्षा सूची तैयार किया जावेगा। Security Personnel (Guard) हेतु शारीरिक नामजोख के लिये भी अभ्यर्थियों को बुलाया जावेगा।

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

5.3. कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आदेश क्रमांक/एनएचएम/2018/467/1325 नया रायपुर दिनॉक 28.07.2018 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी मानव संसाधन नीति 2018 के कण्डिका क्रमांक 16 के उप कण्डिका 16.5 में उल्लेखित अनुसार– "विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी।" इस हेतु विज्ञापित पदों के सम्मुख निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के नीचे प्राथमिकता क्रम अथवा कॉमन मेरिट सूची के संबंध में निर्देश उल्लेखित किया गया है।

5.4. चयन प्रक्रिया हेतु अंको का निर्धारण विज्ञापन में संबंधित पद के सम्मुख उल्लेखित मापदण्ड अनुरूप किया जायेगा।

5.5. ऐसे पद जिनमें शैक्षणिक योग्यता आठवीं उत्तीर्ण निर्धारित किया गया है। इन पदों पर आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जो ग्रेडिंग सिस्टम से उत्तीर्ण हैं, वे संबंधित स्कूल/विभाग के प्राचार्य/प्रधान पाठक/उच्चाधिकारी से हस्ताक्षर एवं सील युक्त, आठवीं में प्राप्तांक व पूर्णांक की जानकारी प्राप्त कर, आवेदन में संलग्न करें। आवेदन के साथ प्राप्तांक व पूर्णांक वाली अंकसूची प्रस्तुत नहीं करने पर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।

5.6. अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंको का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 30 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जावेगा।

5.7. आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

5.8. आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी जानकारियॉ समय–समय पर जिले की वेबसाइट www.mahasamund.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी।

5.9. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा।

5.10. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन/चयन अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

5.11. प्राप्त आवेदनो में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

| कमांक | कुल विज्ञापित पदो की संख्या | ,स्क्रीनिंग/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के जन्म तिथि को आधार मानकर वरियता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसे वरियता प्रदान की जावेगी।

7. **सिक्योरीटी गार्ड पद हेतुः–** इस पद हेतु अन्य नियमों के साथ ही निम्नांकित शर्तें पूर्ण किया जाना अनिवार्य है–

   I. अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, इस हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   II. आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होगी तथा अ.जा. एवं अ.ज.जा.वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 5 वर्ष की छूट होगी।
   III. आरक्षण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   IV. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबंधित जिले का मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   V. अभ्यर्थी की न्यूनतम उंचाई 160 सेमी होना अनिवार्य होगा।
   VI. किसी भी शासकीय/अर्ध्द शासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरीटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 1 वर्ष का अनुभव अनिवार्य होगा। शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जाना है तथा निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जाना है किन्तु अनुभव का अंक सम्मिलित नहीं किया जाना है।
   VII. अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम/शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
   VIII. चयन उपरांत अभ्यर्थी का पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित किया जावेगा।

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

IX. नियुक्ति आदेश के साथ पुलिस वेरिफिकेशन प्रपत्र चयनित अभ्यर्थियों को प्रदाय किया जायेगा, जिसे भरकर जमा करना होगा, जिससे पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा सके। पुलिस वेरिफिकेशन के अभाव में नियुक्ति निरस्त कर दिया जावेगा।

X. इस पद हेतु चयन के पूर्व शारीरिक नापजोख हेतु अभ्यर्थियों को बुलाया जावेगा।

XI. इस पद हेतु मान्यता प्राप्त संस्था से सिक्योरीटी गार्ड का प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जावेगा।

**8. संविदा अवधि /वेतन निर्धारण :-**

8.1. यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2022 तक के लिए की जावेगी ,कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर0ओ0पी0 में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृध्दि की कार्यवाही की जावेगी।

8.2. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त संविदा वेतन व अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

8.3. चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह के अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी /कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

8.4. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का सेवा वृध्दि हेतु "वार्षिक कार्यमूल्यांकन" नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

**9. अनुभव संबंधी नियम/शर्तें :-**

9.1. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। आवेदित पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 02 अंक तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यानुभव का अंक तभी प्रदान किया जायेगा, जब अनुभव प्रमाण पत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने का स्पष्ट उल्लेख हो।

9.2. ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 के संविदा पदों में भर्ती हेतु मितानीन के रूप में कार्यानुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ0ग0 के संविदा ए.एन.एम. पदों के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। **राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, रायपुर** द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

9.3. अनुभव प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का ओवरराईटिंग/त्रुटीपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा।

9.4. अनुभव आवेदित पद अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति का होना चाहिये।

**10. प्रतिक्षा सूची:-**

10.1. विज्ञापित पदों के लिए प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता सूची प्रकाशन तिथि से न्यूनतम 1 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने (जो पहले हो) तक होगी।

10.2. प्रतिक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पदों के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 26 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत् अभ्यर्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

10.3. प्रतिक्षा सूची में वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों की संख्या में वृध्दि करने के लिये चयन समिति सक्षम रहेगा।

**11. दस्तोवज सत्यापन :-**

11.1. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात दस्तावेज जॉच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है, तो उन्हें अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय, किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता का होगा।

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

11.2. मूल आवेदन के साथ समस्त वांछित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन के समय निम्न अभिलेखो के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है –

- आठवीं की अंकसूची।
- दसवीं की अंकसूची।
- बारहवीं की अंकसूची।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंकसूची।
- संबधित डिग्री।
- संबधित काउंसिल / मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र।
- मूल निवास प्रमाण पत्र।
- विकलांगता प्रमाण पत्र।
- अनुभव प्रमाण पत्र ।
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र (लागू हो तो)।
- जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट (सिक्योरीटी गार्ड हेतु)।
- चरित्र प्रमाण पत्र (सिक्योरीटी गार्ड हेतु)।

(उपरोक्त क्रम अनुसार ही अभ्यर्थी स्वप्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगें।)

12. **अन्य नियम एवं शर्तेः–**

12.1. संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रू. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा। अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जायेगा।

12.2. नियोक्ता के साथ करार पत्र (संविदा पत्र) निष्पादन करना अनिवार्य होगा।

12.3. विज्ञापन तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत कर अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जायेगा।

12.4. दावा आपत्ति आवेदन हेतु दावा आपत्ति मंगाये जाने के समय निर्धारित प्रारूप जारी किया जावेगा। उक्त निर्धारित प्रारूप में ही दावा आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

12.5. दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जावेगें। मूल आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जावेगी।

12.6. विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक / लिपिकीय / रिक्तियों / टंकन आदि संबंधित त्रुटी सुधार किया जा सकेगा, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

12.7. नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।

12.8. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति को होगा।

12.9. विज्ञापित पदों की संख्या में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जावेगा। विशेष कारणों से विज्ञापित पद अथवा संपूर्ण विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकारी चयन समिति को होगा।

12.10. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों का विवरण आवेदन पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

13. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / किसी भी शासकीय / अर्ध्द शासकीय विभाग / शासन द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा अनुशासनहिनता / वित्तीय अनियमितता / अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

14. भर्ती एवं सेवा अवधि के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जारी "मानव संसाधन नीति 2018" एवं मानव संसाधन नीति 2018 के यथासंभव संशोधित नियमों तथा उच्च कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा–निर्देश आदि मान्य होगें।

15. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल है।

Chief Medical & Health Officer.
MAHASAMUND (C.G.)

## ::आवेदन पत्र का प्रारूप::

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

नवीनतम
स्व हस्ताक्षरित
फोटो

1. आवेदित पद का नाम –.................................................................

2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम –.................................................................

3. पिता/पति का नाम –.................................................................

4. जन्म तिथि –.................................................................

5. दिनांक 01.01.2021 को आयु –..............वर्ष..................माह..................दिन

6. संबंधित काउंसिल का नाम –.................................................................
   जीवित पंजीयन क्रमांक –.................................................................

7. मूल निवास जिला –.................................................................
   निवास प्रमाणपत्र संलग्न (हॉ/नहीं) –.................................................................

8. पत्र व्यवहार का पता –.................................................................
   –.................................................................
   –पिन.............................................................
   दूरभाष/मो.न..............................................
   ई मेल पता..............................................

9. स्थायी पता –.................................................................
   –.................................................................

10. जाति (Gen./OBC/SC/ST) –.................................................................

11. वैवाहिक स्थिति –.................................................................

12. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. यदि संबंधित क्षेत्र में कार्य का वांछित अनुभव हैं, तो निम्नलिखित विवरण देवें:–

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव तिथि | | | नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक व दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनॉक से | दिनॉक तक | कुल वर्ष | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

क्रमशः......

14. अभ्यर्थी की ऊंचाई (से.मी.में) :–..........................................................................

15. क्या आप दिव्यांग (निःशक्त) हैं :–..........................................................................
यदि हॉ तो दिव्यांगता का प्रतिशत ..........................................................................
एवं दिव्यांगता का प्रकार
(अस्थि/श्रवण/दृष्टि आदि)

16. दिव्यांग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी :–..........................................................................
द्वारा जारी प्रमाण पत्र का क्रमांक/दिनॉक
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

17. संलग्न सहपत्रः– 1............................ 2............................ 3............................ 4................

5............................ 6............................ 7............................ 8................

9............................ 10............................ 11............................ 12...............

## //घोषणा पत्र//

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य एवं सही है। मैं सहमति देता/देती हूँ कि किसी भी स्तर पर जानकारी असत्य पाये जाने पर मुझे चयन/सेवा से वंचित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

स्थान ........................................
दिनांक........................................

आवेदक/आवेदिका
का हस्ताक्षर